# सीएम योगी के जापान दौरे के पहले दिन 11 हजार करोड़ के एमओयू

- मुख्यमंत्री ने टोक्यो में हुए रोड शो में जापानी निवेशकों को यूपी में निवेश का न्योता दिया
- योगी के स्वागत में उमड़े भारतीय मूल व जापान के नागरिक
- मिंडा कारपोरेशन ने की प्रदेश में ईवी मोबिलिटी क्षेत्र में निवेश की घोषणा

टोक्यो आगमन पर यामानाशी प्रांत के वाइस गवर्नर जुनिचि इशिदरा ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगवानी की • सूचना विभाग

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन बुधवार को इन्वेस्ट यूपी ने प्रदेश में 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश को लेकर विभिन्न कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं टोक्यो में आयोजित यूपी निवेश रोड शो और उच्चस्तरीय बैठकों में मुख्यमंत्री ने जापान के उद्योगपतियों को उत्तर प्रदेश में निवेश का खुला आमंत्रण दिया। रोड शो के दौरान मिंडा कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक आकाश मिंडा ने इलेक्ट्रानिक्स बैकवर्ड इंटीग्रेशन, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रिक व्हीकल मोबिलिटी क्षेत्र में निवेश की घोषणा की, जिससे अगले दो-तीन वर्षों में तीन से चार हजार रोजगार सृजित होने की संभावना है।

सिंगापुर से टोक्यो पहुंचने पर यामानाशी प्रांत के वाइस गवर्नर जुनिचि इशिदरा, जापान में भारत की राजदूत नगमा एम. मलिक और भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। टोक्यो में अपने स्वागत को लेकर मुख्यमंत्री ने इंटरनेट मीडिया पर टिप्पणी की 'उगते सूरज की नवोन्मेषी भूमि को प्रभु श्रीराम की पावन धरा के 'आदित्य' का नमस्कार।' उन्होंने मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड, कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड, कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रानिक्स इंडस्ट्री (जेएई), नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस सहित अन्य औद्योगिक समूहों के साथ अलग-अलग बैठकों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री के साथ गए 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने नवीकरणीय ऊर्जा, बायो-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण, आइसीटी, इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग, आइटी पार्क, डिजिटल सर्विसेज, स्टार्टअप ईकोसिस्टम और इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेंट निर्माण, सेमीकंडक्टर व एडवांस्ड कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग, डाटा सेंटर और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को लेकर जापानी निवेशकों के साथ चर्चा की।

कोनोइके ट्रांसपोर्ट के वरिष्ठ प्रबंध कार्यकारी अधिकारी शिगेकी तानाबे के साथ हुई बैठक में लाजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिंग और मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश पर चर्चा हुई।

संबंधित खबर >> पेज 2